दिन– शुक्रवार दिनांक– 18 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोतिहारी में सात हज़ार दो सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

02. श्री मोदी ने कहा – आरजेडी लोगों को रोजगार नहीं दे सकती, एनडीए का संकल्प समृद्ध बिहार।

03. राज्य मंत्रिमंडल ने घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना को मंजूरी दी।

04. और, प्रदेश के अधिकांश भागों में लगातार हो रही बारिश से गंगा समेत कई नदियां उफान पर। मौसम विभाग ने बीस जुलाई को राज्य के कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मोतिहारी में सात हज़ार दो सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। ये परियोजनाएं रेल, सड़क तथा ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से संबंधित हैं।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने राजेंद्र नगर से नई दिल्ली, दरभंगा से गोमतीनगर– लखनऊ, भागलपुर के रास्ते मालदा टाऊन से गोमतीनगर–लखनऊ और मोतिहारी से आनंद विहार टर्मिनल के बीच चार नई अमृत भारत ट्रेनों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री मोदी ने कई अन्य रेल परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया। इसमें समस्तीपुर–बछवाड़ा रेल लाइन के बीच स्वचालित सिग्नलिंग, दरभंगा–थलवारा और समस्तीपुर–रामभद्रपुर रेल लाइन का दोहरीकरण शामिल है।

---

प्रधानमंत्री ने दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बिहार में इकसठ हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को चार सौ करोड़ रुपये भी जारी किए। श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के बारह हजार लाभार्थियों में से कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपी और चालीस हजार लाभार्थियों को एक सौ साठ करोड़ रुपये से अधिक जारी किए। उन्होंने एनएच–तीन सौ उन्नीस पर चार–लेन के आरा बाईपास की आधारशिला भी रखी, जो आरा–मोहनिया एनएच

और पटना–बक्सर को जोड़ेगा। श्री मोदी ने दरभंगा में नए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क और पटना में एसटीपीआई की अत्याधुनिक इनक्यूबेशन सुविधा का उद्‌घाटन किया, जिसका उद्देश्य आईटी उद्योग और स्टार्टअप को बढ़ावा देना है। श्री मोदी ने बिहार में मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्र को मज़बूत करने के लिए मत्स्य विकास परियोजनाओं की एक श्रृंखला का उद्‌घाटन किया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोतिहारी के गांधी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वी भारत के विकास के लिए बिहार का विकास आवश्यक है।

———बाइट———

श्री मोदी ने राजद और कांग्रेस पर पिछड़ों के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि राजद के शासनकाल में नौकरी के बदले लोगों से जमीन लिखवाई गयी।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपीए के दस वर्षों के शासनकाल में बिहार को सिर्फ दो लाख करोड़ रूपये उपलब्ध कराये गये थे। वहीं, एनडीए के दस वर्षों में बिहार को कई गुना ज्यादा पैसा दिया गया है।

———बाइट———

श्री मोदी ने कहा कि आवास योजना के तहत केवल बिहार में साठ लाख से अधिक आवास बनाए गए हैं।

———बाइट———

प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में लखपति दीदी योजना के तहत बीस लाख से अधिक महिला लाभार्थी जुड़कर लाभ उठा रही हैं।

———बाइट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के रोजगार पर विशेष ध्यान दिया है।

———बाइट———

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार खेलों को देश के हर गांव तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। श्री शाह ने नई दिल्ली में इक्कीसवें विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों में भारतीय दल को सम्मानित करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों का चयन कर उन्हें वैज्ञानिक तरीके से हर खेल में प्रशिक्षित किया जा रहा है। श्री शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में खेलों को बहुत महत्व दिया गया है और खेलों के बजट में पांच गुना वृद्धि हुई है।

---

राज्य सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली पर अपनी मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। एक अगस्त, दो हजार पच्चीस से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा। सरकार के इस फैसले से कुल एक करोड़ सड़सठ लाख परिवारों को फायदा होगा।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक सात करोड़ ग्यारह लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं, जो कुल मतदाताओं का नब्बे दशमलव एक–दो प्रतिशत है। पुनरीक्षण अभियान में अब केवल सात दिन बचे हैं। राज्य में मतदाता–सूची का प्रारूप एक अगस्त को प्रकाशित किया जाना है। आयोग ने कहा है कि जो लोग अस्थाई रूप से राज्य से बाहर चले गए हैं, वे भी आयोग की वेबसाईट या ईसीआईनेट ऐप पर अपना फॉर्म जमा करा सकते हैं। मतदाता आयोग की वेबसाईट या ईसीआईनेट ऐप पर अपने आवेदन–फॉर्म की स्थिति की जानकारी भी ले सकते हैं।

---

सुप्रीम कोर्ट ने जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के खिलाफ ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। हालांकि अदालत ने लालू प्रसाद को ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई में व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने से छूट प्रदान कर दी है। राजद प्रमुख ने जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक से इंकार कर दिया था।

---

पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा और पटना जिले के कुछ स्थानों में भारी बारिश दर्ज की गयी है। वहीं, प्रदेश के अन्य भागों में हल्की से मध्यम बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शेखपुरा में सबसे अधिक बानवे दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, पटना के फतुहा में बानवे दशमलव चार, खुशरूपुर में चौंसठ दशमलव चार और बिहटा में तिरेपन दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार बीस जुलाई को प्रदेश के सीवान, सारण, गोपालगंज, भागलपुर, जमुई और खगड़िया में वज्रपात के साथ तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

---

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों और झारखंड में हुई भारी बारिश के बाद गयाजी, जहानाबाद और नालंदा जिले में फल्गु, जिराईन और पंचाने समेत कई नदियां उफान पर हैं। नालंदा के बिंद, एकगंरसराय और बिहारशरीफ में कई जगह पर तटबंधों के क्षतिग्रस्त होने से दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। वहीं, जहानाबाद के घोसी में फल्गु नदी का तटबंध क्षतिग्रस्त होने से आस–पास के इलाकों में पानी फैल गया है। दरधा नदी का पानी जहानाबाद शहर के निचले इलाकों में भी प्रवेश कर गया है। इधर, गयाजी में फल्गु नदी में उफान से बाराचट्टी, ईमामगंज, बांके बाजार, शेरघाटी, बोधगया और आमस सबसे अधिक प्रभावित हैं। सैकड़ों एकड़ खेत में लगी फसल बर्बाद हो गयी है। वहीं, पटना में महात्माइन, भूतही, कररूआ और धोवा नदी में उफान से दनियावां, फतुहा और धनरूआ में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजस्थान के जैसलमेर में गोलीबारी के दौरान वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र के पौरा गांव के रहने वाले सेना के जवानल पंकज कुमार रजक के शहीद होने पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद जवान के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से मान्य सम्मान राशि दी जाएगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोतिहारी में सात हज़ार दो सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

02. श्री मोदी ने कहा – आरजेडी लोगों को रोजगार नहीं दे सकती, एनडीए का संकल्प समृद्ध बिहार।

03. राज्य मंत्रिमंडल ने घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना को मंजूरी दी।

04. और, प्रदेश के अधिकांश भागों में लगातार हो रही बारिश से गंगा समेत कई नदियां उफान पर। मौसम विभाग ने बीस जुलाई को राज्य के कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।